कम्यूनिटी सर्विस प्रोग्राम (सामुदायिक सेवा कार्यक्रम)

दिनांक 16,17–12–2019 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल में द्वि दिवसीय सामुदायिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तरगत विद्यालय के कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्र –छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम अपने से बड़ो के प्रति एवं गरीबों के प्रति पूर्ण समर्पण एवं दया भाव को उद्घाटित करता है। छात्रों ने खुले हाथ से यह दान किया। तत्पश्चात् प्रथम दिवस कक्षा पहली से नौवीं तक के छात्रों ने मदर टेरेसा शिशु भवन नेहरू नगर पहुँकर अपने हाथों से दान वस्तुओं को अर्पित किया। यहाँ छात्रों ने शारीरिक और मानसिक रूप से तृस्त 2से 22 साल तक के युवकों से भेंट किए। उन्हें देखकर हमारे विद्यालय के छात्र कुछ समय के लिए भयभीत हो गए । पुनः अपने को सामान्य करते हुए छात्रों ने परिसर मे रहने वालों को खुशियाँ प्रदान की। छात्रों के इस भाव की प्रशंसा की गई। दी हुई वस्तुओं में दाल, चावल, आटा साबुन सर्फ आदि वितरित किए गए । चूँकि ये वस्तुएँ दैनिक उपयोग के लिए आवश्यक है। इसी क्रम में दूसरे दिन छात्रों की टोली बाल भवन निष्कलंक छात्रा परिसर पहुँचे जहाँ गरीब बच्चे रहते है। उनकी मदद हेतु कुछ खाद्य पदार्थ एवं उपयोगी वस्तुएँ प्रदान की जिन्हें पाकर सभी बच्चे प्रसन्न हुए। इसके बाद छात्रों ने **''प्रकाश विद्यालय''** जो कि पिलार सोसायटी के फादर द्वारा आदिवासी परिसर में संचालित है यहाँ पहुँचकर खाद्यान्न वस्तुओं एवं उपयोगी वस्तुओं को वितरित किया गया।

उपर्युक्त विद्यालय के संचालकों ने छात्रों का अभिवादन एवं आभार व्यक्त किया।?

इन दोनों दिनो के सफल कार्यक्रम में उप–प्राचार्य ब्रदर बाला जोसफ ,सिस्टर जैनी , सिस्टर ऐंजल, एवं काउंसलर श्रीमती श्रद्धा बलवानी एवं श्रीमती हर्षिका सोनी आप सभी का पूर्ण योगदान रहा।